संक्षिप्त

नवरात्रा पर घर-घर में घट स्थापना

निवाई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूवार को मंदिरों व घरों में विधिवत रूप से चैत्रीय नवरात्रा पर घट स्थापना की गई। मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। नवरात्रा के प्रथम दिन पार्वती मां के शैलपुत्री रूप की पूजा हुई। नवरात्रा के चलते मंगलवार को मंदिरों में देवी-देवताओं की झांकियां सजाकर मुहुर्त के अनुसार विधिवत रूप से घट स्थापना की गई। घटस्थापना को लेकर शहर के एतिहासिक बावडी वाले बालाजी के मंदिर, कंकाली माता के मंदिर, संतोषी माता के मंदिर, दादूदयाल आश्रम, कुंज बिहारी आश्रम, विश्वशांति आश्रम, बस स्टेण्ड बालाजी, मोरिया वाले बालाजी, पेट्रोल पम्प के सामने वीर बालाजी, दुर्गामाता मंदिर, ज्वाला माता मंदिर, भगवान गौरीशंकर महादेव मंदिर, श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, कृषि मंडी स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर एवं खाटू श्यामजी मन्दिर सहित जयसिंहपुरा बालाजी, बंजारी माता मूण्डिया, पहाडी नाडी वाले बालाजी, खण्डवा व नला सहित कई गांवों में स्थित मंदिरों पर दिन भर कई धार्मिक अनुष्ठानों की धूम मची रही। मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्घालुओं का तांता लगा रहा। नवरात्रा को लेकर श्री कंकाली माता मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं। माताजी के मंदिर को भव्य रूप से विद्युत लाईटों से सजाया गया है।

निःशुल्क साइकिलें वितरण की

टोंक। बनेठा क्षेत्र के ककोड पीईईओ के तहत आने वाले सरकारी विद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिए निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य सरकार की इस योजना के अंतर्गत कुल 30 पात्र बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। ककोड पीईईओ रेखा कुमारी ने बताया कि यह पहल उन छात्राओं के लिए विशेष रूप से सहायक है, जिन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों से विद्यालय आना पड़ता है। उनका कहना था कि साइकिल मिलने से उनकी शिक्षा की राह आसान होगी और विद्यालय छोड़ने वाली छात्राओं की दर में कमी आएगी। कार्यक्रम की उपस्थित अतिथियों ने सरकार की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर होंगी। अभिभावकों ने भी अपनी बेटियों को स्कूल जाने में सुविधा मिलने और नियमित पढ़ाई कर सकने पर संतोष व्यक्त किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता 22 से

निवाई। निवाई क्रिकेट लीग के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन रोड स्थित खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 22 मार्च को होगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता कमेटी के उज्जवल गुर्जर व राधामोहन जांगिड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें लेगी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन मैच विंजो किंग्स और दी एवेंजर्स टीम के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर खेल मैदान में दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

शब्दोत्सव 2026 समारोह सम्पन्न

टोंक। गुरुवार को मुख्यालय स्थित यज्ञ के बालाजी स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक में देश के सबसे बड़े साहित्यिक मंच अखिल भारतीय साहित्य परिषद टोंक द्वारा नव सम्वतसर चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने 20 सरस डेयरी बूथों के आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपे

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में अलवर नए आयाम स्थापित कर रहा है : मंत्री संजय

अलवर। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने गुरूवार को अलवर नगर निगम में परिसर में 20 सरस डेयरी बूथों के आवंटन पत्र वितरित किए तथा तांगा स्टैण्ड व राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में पिंक टॉयलेट का लोकार्पण कर शहर की महिलाओं को सौगात देते हुए नव संवत्सर व चैत्र नवरात्र स्थापना की शुभकामनाएं दी ।

इस अवसर पर वन मंत्री संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री नए रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। इसी कड़ी में की गई बजट घोषणा को समयबद्ध रूप से अमलीजामा पहनाकर अलवर शहर में 20 सरस डेयरी बूथ का आवंटन आमजन की उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से पारदर्शिता के साथ किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए अनुदान प्रदान करने के साथ अनेक योजनाओं से लाभांवित कर रही है। अलवर जिले में सांसद भूपेन्द्र यादव की सोच को मूर्त रूप देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अलवर सरस डेयरी के लिए 200 करोड़ रूपये की राशि से 5 लाख लीटर क्षमता का नया संयंत्र लगाने की बजट घोषणा की है, जिसका यथाशीघ्र शिलान्यास होगा।

मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि अलवर सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों की ओर जा रही है, जिसके तहत कलाकंद की बिक्री को आठ गुना किए जाने साथ ही पशुपालकों के लिए नई योजनाएं लाने जैसे अनेक कार्य हो रहे हैं और सभी के सहयोग से अलवर शहर को विकसित व सुन्दर शहर बनाने की दिशा में सकारात्मक भाव के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक मुहिम चलाई है, जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डीएलबी की रैंकिंग में राज्य में अलवर शहर अपनी केटेगिरी के शहरों में अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में भी हमारा लक्ष्य टॉप के 10 शहरों में आने का है, जिसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अलवर शहर में मातृशक्ति की सुविधा के लिए दो नए पिंक टॉयलेट आज लोकार्पित किए गए हैं तथा तीन शीघ्र ही लोकार्पित किए जाएंगे। साथ ही तीन नए सामुदायिक शौचालय भी निर्माणाधीन है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अखिल भारतीय जिला सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष कैलाश निदानिया, राजस्थान नगर पालिका फैडरेशन के जिला अध्यक्ष हरीश जैन, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, जितेन्द्र सैनी सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं निवर्तमान पार्षदगण, नगर निगम कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।

राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में पिंक टॉयलेट पट्टीका का लोकार्पण करते वन मंत्री संजय शर्मा, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता।

भाजपाईयों ने मनाया हिन्दू नववर्ष

टोंक। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यालय स्थित छावनी चौराहे पर आमजन के तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर नवसम्वत्सर की सुभकामना दी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि यह नव वर्ष सभी जिलेवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्य और नई ऊर्जा का संचार करे, यह प्रकृति में नई हरियाली,उत्साह और सकारात्मकता का त्यौहार हैं। उन्होंने कहा कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारम्भ की थी, इसलिए यह दिवस सृष्टि के आरम्भ और नये जीवन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

उन्होंने युवा पीढ़ी को सामाजिक बुराईयों से बचने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हमारी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु शर्मा,प्रभु बाडोलिया,जिला उपाध्यक्ष बबलू टैंकर,कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा,नीलिमा आमेर, पंकज पहाड़िया, लोकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

नव संवत्सर पर मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का आयोजन

- श्रद्धालुओं ने तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बांधकर एवं दुपट्टा पहनकर भारतीय संस्कृति के इस महत्वपूर्ण पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया

दौसा । परमार्थ योग सेवा संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय नव संवत्सर के पावन अवसर पर दौसा में भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में विधि-विधानपूर्वक यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बांधकर एवं दुपट्टा पहनकर भारतीय संस्कृति के इस महत्वपूर्ण पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्वान वक्ताओं ने नव संवत्सर के साथ प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कालखंड केवल नए वर्ष का प्रारंभ ही नहीं, बल्कि प्रकृति में नवीन ऊर्जा, संतुलन और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक भी है। इस अवसर पर संस्थान के प्रवक्ता लोकेश शर्मा ने कहा कि भारतीय नव संवत्सर (हिंदू नववर्ष) केवल एक नए वर्ष का प्रारंभ नहीं है, बल्कि यह सृष्टि के सृजन का भी पावन दिवस माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ हुआ था। साथ ही ऐतिहासिक रूप से उज्जैन के महान सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन शकों पर विजय प्राप्त कर राष्ट्र को मुक्त कराया और विक्रम संवत की शुरुआत की, जो भारतीय कालगणना का प्रमुख आधार है।

उन्होंने कहा कि नव संवत्सर प्रकृति में नव ऊर्जा, ऋतु परिवर्तन और सकारात्मकता का प्रतीक है तथा यह हमें नए संकल्प लेने, आत्मविकास करने और समाज व राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। योग गुरु सुरेश ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में योग और यज्ञ दोनों का विशेष महत्व है। योग से जहां शरीर और मन स्वस्थ रहते हैं, वहीं यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है और लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। संरक्षक ओमप्रकाश खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय नव संवत्सर हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना का प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राचीन परंपराओं को संजोते हुए नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। यज्ञाचार्य रामजीलाल शर्मा ने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

टोंक। प्रेरणा ग्रुप द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को ब्रैस्ट कैंसर, स्वास्थ्य, संस्कृति और आत्म-जागरूकता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका रेखा जाजु ने मंच संचालन किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. अनुकृति सूद ने ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूक किया और महिलाओं को नियमित रूप से स्वयं स्तन परीक्षण करने और 40 वर्ष की आयु के बाद समय-समय पर मैमोग्राफी करवाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ब्रैस्ट कैंसर का इलाज संभव है, बस जरूरत है समय पर इसकी पहचान करने की।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल ने नारी स्वास्थ्य और अपनी संस्कृति को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखकर ही अपने परिवार और समाज के लिए कुछ कर सकती हैं। एस्ट्रोलाजी अम्बिका सोनी ने नवग्रहों और राशियों के साथ मानव जीवन के संबंधों पर चर्चा की और बताया कि कैसे ग्रहों की स्थिति हमारे जीवन को प्रभावित करती है।

'आमजन को पेयजल और विद्युत व्यवस्था को लेकर परेशानी न हो'

टोंक। ऊर्जा एवं जिले के प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि गर्मी में आमजन को पेयजल और विद्युत व्यवस्था को लेकर कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर कार्य करें। साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को एलपीजी सिलेंडर की वितरण प्रणाली पर कड़ी निगरानी रखने एवं जमाखोरी व कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिले में संचालित विकास कार्यो, बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। नए हैण्डपंप व नलकूप लगाने के साथ पुराने हैण्डपंप व नलकूपों को दुरुस्त करने का कार्य भी नियत समय पर करें। जिला प्रभारी मंत्री ने 15 विभागों की 25 फ्लैगशिप योजनाओं में जिले की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन योजनाओं से पात्र लोगों को सतत रुप से जोड़ने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बजट घोषणों की प्रगति की जानकारी देते हुए भूमि आंवटन, आवश्यक संसाधन, पूर्ण प्रगतिरत एवं लंबित कार्यो के बारे में अवगत कराया। साथ ही राज्य स्तर पर लंबित प्रकरणों की जानकारी दी। नागर ने मूल निवास, ईडब्ल्यूएस के आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी 3 से 4 माह का समय विद्यार्थियों के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश का होता है। इसलिए इस कार्य में गंभीरता रखें। राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए ऊर्जा मंत्री ने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को शेष रहे कार्यो को धरातल पर लाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक संजय जैन ने बताया कि कुल 79 एमओयू में से 64 की ग्राउण्ड ब्रेकिंग हो चुकी है।

प्रभारी मंत्री नागर ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली ।

शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का 95 वां बलिदान दिवस 23 को

अलवर। अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में शहादत देने वाले सभी क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही हुकमचन्द रौनक कव्वाल एंड पार्टी द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, अपनाघर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

इनके अलावा समाजसेवी हरमीत सिंह मेहन्दीरत्ता, हरिशंकर रावत, शशांक झालानी, नूर मोहम्मद, अशोक आहूजा, सार्वजनिक गौशाला के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, रंगकर्मी दिनेश भार्गव एवं अमरजीत सिंह बिट्टू सहित अन्य लोग भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का दूसरा चरण शाम 4:30 बजे जेल सर्किल स्थित महावर ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। यहां रंग संस्कार थियेटर ग्रुप द्वारा डॉ. लालचंद जैन लिखित शहीद भगत सिंह नाटक का मंचन डॉ. देशराज मीणा के निर्देशन में किया जाएगा। साथ ही बी.एल. पब्लिक स्कूल में आयोजित चित्रकला, निबंध, भाषण एवं गीत-कविता प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर प्रगतिशील विचारक डॉ. जीवन सिंह मानवी, दौलतराम हजरती एवं दीवानचंद सेतिया के सानिध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

नवरात्रि पर ध्वज पताकाओं के साथ जगदम्बा माता की भव्य शोभायात्रा निकली

- हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 व चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ, घर-घर हुई घट स्थापना

पावटा। हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 एवं पावन चैत्र नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बुधवार सुबह शुभ मुहूर्त में घर-घर विधि-विधान से घट स्थापना कर मां दुर्गा का आव्हान किया गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास रखकर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना शुरू की। महिलाओं व युवतियों ने घरों में कलश स्थापित कर जौ बोए और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बाजारों में भी खास रौनक देखने को मिली। पूजा सामग्री, फल-फूल और सजावट के सामान की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ रही।

भक्तों का मानना है कि नवरात्रि के दौरान सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से मां दुर्गा सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना का प्रतीक है, जिसमें नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा कर जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। वही गुरुवार को प्रातः 9:15 बजे पंचायत समिति के पास से किला धाम जगदंबा माता मंदिर से श्री मंगलदास जी महाराज, मोहनदास जी महाराज, जयरामदास जी महाराज के सान्निध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ध्वज पताकाओं के साथ श्रद्धालु आगे आगे चल रहे थे।

शोभायात्रा पावटा कस्बे के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए वापस किला धाम माता मंदिर जाकर विसर्जित हुई। इस शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गी, नगाड़े, कच्ची घोड़ी नृत्य, कालबेलिया डांस सहित राजस्थानी लोक कला की रंगारंग प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही।

किला धाम जगदम्बा माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली ।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने मेरी साझेदारी फर्म प्रतिक एग्रो फूड प्रोडक्ट्स पता- खसरा नंबर 778, बसारथी चौराहा, मुकुदपुरा रोड,जयपुर 302026 (GST No - 08ABCFP6394H1ZU) से दिनांक 24 फरवरी 2026 को पार्टनर की हैसियत से त्यागपत्र दे दिया है तथा इस संबंध में अन्य साझेदारों को कानूनन रूप से सूचित किया जा चुका है। अतः सर्वसाधारण को इस नोटिस के जरिये सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त साझेदारी फर्म से किसी भी प्रकार का लेन देन या व्यवसायिक व्यवहार करता/ करती है तो उक्त व्यवहार या लेन देन के संबंध में मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

प्रतीक अग्रवाल पुत्र श्री नरेंद्र अग्रवाल
प्लॉट नंबर 187 E, इंडस्ट्रियल एरिया, झोटवाड़ा जयपुर 302012

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1838
चूंकि प्रार्थी श्री BHAGWATI LAL SHARMA, 88 Modern Complex, Bhuwana, Girwa, PO: Udaipur Shastri Circle, Dist: Udaipur Rajasthan-313001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सारथी चैरिटेबल सोसायटी 3/22 SFS MANSAROVAR JAIPUR, RAJASTHAN-302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

खोया पाया

मेरे मकान संख्या 1726, जिलेदार का चौक, खजाने वालो का रास्ता, चौकरी तोपखाना, जयपुर जिसकी पुरानी रजिस्ट्री पेपर व बटवारनामा कही गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें: उषा देवी 7891079844

मेरे मकान 3त-59 जवाहर नगर जयपुर का मूल कब्जा पत्र, डिक्लेरेशन, अदैय प्रमाण पत्र, जवाहर नगर में कहीं खो गये है मिलने पर सूचित करें- कमलप्रीत सिंह 8949349490

मेरे प्लॉट 495 श्री राम विहार जगतपुरा,जयपुर, के कागज़ात पट्टा एवं रजिस्ट्री कहीं खो गई है, मिलने पर सूचित करे, रमेश यादवः 9929094285

मेरे प्लॉट नंबर 494 श्री राम विहार जगतपुरा,जयपुर, के कागज़ात पट्टा एवं रजिस्ट्री कहीं खो गई है, मिलने पर सूचित करें, रमेश यादवः 9929094285

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1900
चूंकि प्रार्थी श्री Suresh Kumar Gupta, SHOP NO 28, 29 NEAR GUPTA CLINIC 22 GODAM HAWA SADAK JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास JAI SHRI MAHAKAL SEVA DHARMARTH SANSTHAN (SEVA DHAM), SHOP NO 28, 29 NEAR GUPTA CLINIC 22 GODAM HAWA SADAK JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 01.06.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1408
चूंकि प्रार्थी श्री प्रवीण कुमार मुकीम, 212, मुकीम बोथरा मोहल्ला, बीकानेर, राजस्थान 334001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास एम.एन.एस. मेडिकल एण्ड एज्यूकेशनल सोसाइटी, डी-90, मीरा मार्ग बनी पार्क जयपुर, 302001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1961
चूंकि प्रार्थी श्री Ravi Birla, 66 BIRLA MATUSHREE GREEN PARK NEAR BR BIRLA SCHOOL JHANWAR ROAD JPDHPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास RK BIRLA SHIKSHAN SANSTHAN, B5 BHAGIRATH COLONY CHOMU HOUSE C- SCHEME JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1817
चूंकि प्रार्थी श्री ARVIND RATHI, FLAT NO A-705 SECTOR 19, RIYA EMPIRE NEAR NRI CIRCAL PRATAP NAGAR SANGANER JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास MAHESWARI AKHIL BHARATVARSHIY RATHI PARIVAR SANSTHAN, FLAT NO A-705 SECTOR 19, RIYA EMPIRE NEAR NRI CIRCAL PRATAP NAGAR SANGANER JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1896
चूंकि प्रार्थी श्री OM PRAKASH SEVDA, 506 RANISATI NAGAR JANPATH AJMER ROAD SHYAM NAGAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प